# 2018 इलेक्शन में भी आयोग ने मानी थी गलती : कमलनाथ

## मतदाता सूची के रखरखाव में गड़बड़ी का सामने आया एक व्यवस्थित पैटर्न

**भोपाल, 9 अगस्त. चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर राहुल गांधी द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एमपी में 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर चुनाव आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं.**

कमलनाथ ने इसको लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि उनके द्वारा मतदाता सूची में की गई गड़बड़ को लेकर शिकायत किए जाने के बाद चुनाव आयोग के इन विसंगतियों को स्वीकार किया




गया था और सूची से नाम हटाने या सुधार संबंधी कार्रवाई करने पर सहमति जताई थी. एक्स पर कमलनाथ ने लिखा है कि राहुल गांधी के निष्कर्षों से मतदाता सूची के रखरखाव में गड़बड़ी का एक व्यवस्थित पैटर्न सामने आया है. इसके बाद उनके द्वारा वर्ष 2018 के चुनाव में मतदाता सूची भारी गड़बड़ी को लेकर उठाए गए मुद्दे और गंभीर हो गए हैं और हेरफेर का एक नया स्तर दिख रहा है. नाथ ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में अपने इस आश्वासन के बावजूद कि चुनाव आयोग इन विसंगतियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा, चुनाव आयोग अपने हलफनामे से पीछे हटता जा रहा है और मतदाता सूची में जानबूझकर हेराफेरी किए जाने से इनकार कर रहा है.

### इन मुद्दों में गड़बड़ी की थी उजागर

जन सांख्यिकीय रूप से समान प्रविष्टियां होना, जहां एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग विधानसभाओं या मतदान केंद्रों में दर्ज पाया गया था. समान फोटो वाली प्रविष्टियां, जहां एक ही व्यक्ति की तस्वीरें अलग-अलग स्थानों पर मौजूद थीं. मतदाता सूचियों में फर्जी नाम, जिनका जमीनी स्तर पर पता नहीं चल रहा था. मतदाता सूचियों में मृत या स्थानांतरित मतदाताओं का होना. ऐसे मतदाताओं का होना, जिनकी फोटो पहचान में नहीं आ रही थी. एक ही पते या अमान्य पतों पर असामान्य रूप से अधिक संख्या में मतदाताओं का होना.

नाथ ने लिखा है कि शिकायत के बाद आयोग ने 9664 इंट्रा-एसी रिपीट प्रविष्टियां, 8278 इंटर-एसी रिपीट प्रविष्टियां और 2,37,234 संदिग्ध तस्वीरें होने की बात भी स्वीकार की थी और 24 लाख संदिग्ध मतदाताओं को हटाने का दावा किया था. हालांकि चुनाव आयोग ने गोपनीयता संबंधी चिंताओं के कारण मतदाता सूचियों की मशीन-रीडेबल पीडीएफ़ उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया.

## मंत्रालय के गलियारों से



कन्हैया लोधी

### क्या कमजोर नस दब गई?

विधानसभा के मानूसन सत्र के दौरान विपक्ष का रवैया कई राजनीतिक विश्लेषकों को खटक रहा है. विपक्ष ने जितना तेवर सदन के बाहर दिया, वह सदन के भीतर नदारत था. ऐसे मामले जिस पर वह काम रोको प्रस्ताव ला सकती थी, उसे ध्यानाकर्षण पर चर्चा में निपटा दिया गया. केवल एक दिन ही तेवर में कुछ गर्मी दिखी, बांकी दिन केवल रस्म अदायगी दिखी. अब इसके मायने निकाले जा रहे हैं. क्या विपक्ष के जिम्मेदारों की कमजोर नस दब गई है, जिस कारण वे अब विरोध का जोखिम नहीं उठा पा रहे हैं. क्या सच्चाई है, यह तो वे ही जाने, लेकिन अटकलें तो लग ही गई है.

### कुछ तो राहत मिली

पिछले दिनों एक प्रशासनिक तबादले में प्रमुख सचिव के स्तर को बड़ी राहत मिली. उनके कंधे पर जिम्मेदारियों का बोझ इतना था कि वे संभाल नहीं पा रही थी. दो बड़े महकमों के साथ ही वे दिल्ली का भी काम देख रही थीं. आखिरकार सरकार ने उनकी सुन ली और किसी दूसरे अधिकारी को एक बड़े महकमे की जिम्मेदारी दे दी गई. बताया जा रहा है कि मैडम दिल्ली जाना चाहती हैं, लेकिन सरकार उन्हें मप्र छोड़ने देगी, इसके कोई आसार नहीं है. ऐसे में वे भी अपनी बात मुखरता से कह नहीं पा रही हैं. फिलहाल जो भी हो, लेकिन उन्हें कुछ तो राहत मिल ही गई है.

### चहल-पहल जो अब बीते दिनों की बात हो गई

प्रदेशभर में बाढ़ नियंत्रण के लिये एक कंट्रोल सेंटर शहर में बना है. इस आधुनिक सेंटर से प्रदेशभर में नजर रखा जा सकता है. लेकिन इस नजर रखने वाले सेंटर पर लगता है कि अब कुछ नजर लग गई है. इस सेंटर पर पहले जो चहल-पहल थी, वह पूरी तरह नदारत है. पहले विभाग के मुखिया अक्सर ही सेंटर पहुंच जाते थे, सरकार को भी प्राय: बुला लेते थे, लेकिन इस बाद स्थिति बदली नजर आई. यहां सरकार को बुलाने वाले जिम्मेदार की कोई दिलचस्पी इस सीजन में दिखी नहीं, नतीजा सरकार भी बमुश्किल एकाध बार ही पहुंचें. इस रवैये के पीछे साहब के रिटायरमेंट मोड को जिम्मेदार माना जा रहा है.

### एक बॉडी लैंग्वेज जो चर्चा का विषय बन गई

पिछले दिनों एक राजनीतिक मुलाकात के दौरान एक बड़े नेता की बॉडी लैंग्वेज चर्चा का विषय बन गई. दरअसल सत्ताधारी दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद हेमंत खंडेलवाल का रुतबा बढ़ गया है. सदन में भी अब उनके पास मंत्री लगातार बैठे दिखे. अब उनके विधानसभा क्षेत्र का कलेवर बदलने के लिये अलग-अलग विभाग अपनी ओर से कार्यक्रम बना रहे हैं, लेकिन इस बीच एक केंद्रीय मंत्री के सामने वे पूरी तरह सम्मान प्रकृटीकरण के एक्स्ट्रीम भाव में दिखे, वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री के बॉडी लैंग्वेज में एरोगेंसी नजर आई. नतीजा ये हुआ कि इस मुलाकात ने सोशल मीडिया में खुब सुर्खिया बटोरी.

## एक नजर में

### मंडी में किसान की जेब काटकर चुराए 91 हजार

**सागर.** जिले बंडा मंडी के पास एक किसान की जेब काटकर 91 हजार रुपए की चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह घटना 4 अगस्त को बंडा कृषि उपज मंडी के पास उस समय हुई जब किसान आनंदी प्रजापति बस का इंतजार कर रहे थे. आनंदी प्रजापति, निवासी बकपुरा, अपनी फसल बेचने के लिए ट्रैक्टर से मंडी पहुंचे थे. उन्होंने मंडी में 35.57 क्विंटल गेहूं बेचा, जिससे उन्हें 91,510 रुपए की नकद राशि प्राप्त हुई. किसान ने यह रकम अपने कुर्ते की जेब में रख ली और मंडी गेट के सामने बने बस प्रतीक्षालय में बस का इंतजार करने लगे. बस आने पर वह उसमें सवार हुए और सीट पर बैठने के बाद जैसे ही जेब चेक की, उन्हें रुपए गायब मिले. पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. जांच के दौरान दो संदिग्ध युवक कैमरे में कैद मिले. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान करते हुए बहेरिया क्षेत्र में घेराबंदी की और ग्राम चंद्रपुरा पारदी टोला निवासी सोनू पारदी और राजेंद्र पारदी को गिरफ्तार कर उनसे थाने में पूछताछ की गई.

### इंदौर में लाखों के आभूषण लेकर फरार हुआ नौकर

**इंदौर.** इंदौर के कनाड़िया इलाके में एक नौकर मालिक के घर चोरी कर फरार हो गया. मकान मालिक ने मामले में पुलिस को शिकायत की. पुलिस ने दो दिन तक नौकर की तलाश के बाद बाद एफआईआर की है. नौकर लाखों के आभूषण लेकर फरार हुआ है. पीड़ित संतोष कुमार ने पुलिस को बताया कि 5 अगस्त को वह विजयनगर में एक फंक्शन में शामिल होने गए थे, जबकि उनकी मां वर्षा सचदेव चाचा के घर चली गई थीं. इस दौरान घर पर नौकर आयुष अकेला था. देर रात लौटने पर कमरे में सामान बिखरा मिला और अलमारी का लॉक टूटा हुआ था.

### रक्षाबंधन पर घर आए बदमाशों को पकड़ा

**ग्वालियर.** ग्वालियर में कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की. रक्षाबंधन के त्योहार से ठीक एक रात पहले पुलिस ने चोरी-छुपे घर आए बदमाशों की धरपकड़ की. रात 12 बजे शहर और देहात में एक साथ निकलीं 50 से ज्यादा पुलिस टीमों ने कुछ ही घंटों में 242 फरार, स्थायी और वारंटियों को पकड़ा. फिर हवालात भेजा. इसके अलावा 344 गुंडों और हिस्ट्रीशीटरों के घर व ठिकानों पर पहुंचकर उन्हें चेक किया गया.



**सिंगरौली** में शनिवार अल सुबह मानसून सक्रिय हुआ और बारिश शुरू हो गई. इस बीच बैढ़न समेत देवसर-चितरंगी अंचल में पानी ही पानी नजर आने लगा.

## प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

- जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी
- मौसम विभाग का पूर्वानुमान, चलेगी तेज हवाएं

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 9 अगस्त. मप्र में बारिश का दौर जारी है. प्रदेश के अधिकांश जिलों में रविवार को बारिश के आसार बने हुए हैं. मौसम विभाग ने सिवनी, मंडला, पाढ़ुर्णा नर्मदापुरम, बैतूल, बालाघाट, छिंदवाड़ा सहित जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है.**

जिलों में मूसलाधार बारिश को देखते हुए मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है. इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी. इसके साथ ही गुना, श्योरपुरकलां, ग्वालियर, दतिया, विदिशा, राजगढ़, टीकमगढ़, शाजापुर, छतरपुर, शिवपुरी, अशोकनगर सहित जिलों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. प्रदेश में फिलहाल बारिश का दौर जारी रहने की की संभावना मौसम विभाग ने जताई गई है.

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ़, माध्य समुद्र तल पर भटिंडा, रोहतक, दिल्ली (रिज), हरदोई, बाराबंकी, देहरी, बांकुरा, कोंटाई और फिर पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा में उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है. 13 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम और संलग्न पश्चिम-मध्य में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है. एक ट्रफ़, पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपरी हवा के चक्रवातीय परिसंचरण से पूर्वी उत्तर प्रदेश के मध्य भागों से होते हुए झारखंड तक माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है. एक ट्रफ़, गुजरात से पश्चिम मध्य प्रदेश होते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपरी हवा के चक्रवातीय परिसंचरण तक माध्य समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊंचाई पर विस्तृत है.

### ठेकेदार के खिलाफ महिला ने दर्ज कराया केस

**इंदौर.** इंदौर के तिलक नगर थाना क्षेत्र में मजदूरी के रुपए मांगने पर ठेकेदार ने दंपत्ति के साथ गाली-गलौज और मारपीट की. मारपीट के बाद महिला ने ठेकेदार के खिलाफ तिलक नगर थाने में केस दर्ज कराया है. पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है. तिलक नगर पुलिस के मुताबिक मीना बंसल निवासी कुशवाह नगर की शिकायत पर राजेश कुशवाह के खिलाफ केस दर्ज किया है.


## बारिश के लिए महाकाल की शरण में मुख्यमंत्री, 66 पंडितों ने कराया अनुष्ठान

- सीएम ने उत्तम जलवृष्टि के लिए पर्जन्य अनुष्ठान में हुए शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 अगस्त. पिछले एक सप्ताह से प्रदेशभर में बारिश लगभग थम सी गई है. उससे पहले राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में भारी-बारिश से बाढ़ की स्थिति बन गई थी, जिस कारण व्यापक नुकसान भी हुआ था, लेकिन अब बारिश के थमने से उसका असर खरीफ की फसलों पर पड़ने का अंदेशा होने लगा है.**

ऐसे में अब सरकार को भी बारिश की चिंता सताने लगी है. प्रदेश में बारिश की कामना के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को रक्षाबंधन के दिन उज्जैन में भगवान महाकाल की शरण में पहुंचें, यहां उन्होंने सपत्नीक उत्तम जल वृष्टि के निमित्त पर्जन्य अनुष्ठान में शामिल होकर पूजन-अर्चन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान भगवान श्रीमहाकाल के दर्शन कर अभिषेक किया. कम वर्षा वाले क्षेत्रों में उत्तम जल वृष्टि की कामना के लिए 66 पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पर्जन्य अनुष्ठान किया गया. अनुष्ठान पं. घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में सम्पन्न हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल मंदिर में दर्शन के पहले भेरूगढ़ स्थित श्री केशरिया नाथ मणिभद्र तीर्थ धाम पहुंचकर भगवान श्री पार्श्वनाथ, भगवान महावीर स्वामी और भगवान मणिभद्र के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर चातुर्मास कर रहे संत अशोक सागरसूरीश्वर जी महाराज की चरण वंदन की.



### काकोरी एक्शन के सेनानियों का किया वंदन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने काकोरी एक्शन में शामिल सभी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रहित में उनके योगदान को याद कर नमन-वंदन किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मां भारती के वीर सपूतों ने वर्ष 1925 में 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन को अंजाम देकर दमनकारी अंग्रेजी हुकूमत की जड़ों पर प्रहार किया था. यहां से हासिल खजाने को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए अपने साथ ले गए, जिसे देशवासियों पर अत्याचार कर वसूला गया था. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने काकोरी एक्शन में शामिल सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सादर नमन-वंदन किया है.

### विश्व संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विश्व संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा है कि देवभाषा संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है, इसमें लोकहित, संपूर्ण जगत के मंगल व कल्याण के पवित्र भाव निहित है.

## पतंग से युवक की सांस नली कटी

**रतलाम, 9 अगस्त.** रतलाम में शनिवार को तेजी से उड़ रही पतंग की डोर ने तीन लोगों की जिंदगी खतरे में डाल दी. जावरा फोरलेन रोड पर अलग-अलग जगहों पर हुई दो घटनाओं में एक 18 साल के युवक की सांस नली कट गई, जबकि पति-पत्नी के गले और हाथ पर गंभीर चोटें आईं. तीनों बाइक से सफर कर रहे थे, तभी अचानक डोर गले पर लिपट गई. पहली घटना दोपहर करीब 3.30 बजे की है. सुभाष नगर निवासी आनंद गोसर (25) पत्नी मुस्कान (23) के साथ मंदसौर जिले के नाहरगढ़ जा रहे थे. मच्छी बाजार के पास अचानक पतंग की डोर उनके गले से टकरा गई. आनंद के गले और उंगलियों पर चोट लगी, जबकि पत्नी मुस्कान की उंगली कट गई. दूसरी घटना बापू सेजावता निवासी समीर (18) के साथ हुई.

## युवक को लाठियों से पीटा, फिर सिर के बाल और मूंछ काटी

**देवास, 9 अगस्त. देवास में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और उसके सिर और मूंछ के बाल काटने का मामला सामने आया है. आरोपी उसे शाजापुर से गाड़ी में डालकर देवास ले गए. यहां उसे महिला से छेड़छाड़ के शक में लाठियों से पीटा और बाल काट दिए.**

सुंदरसी थाना पुलिस ने लसूलड़िया निवासी पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. घटना 7 अगस्त की है. शाजापुर में रहने वाले 37 वर्षीय प्रेम सिंह (बदला हुआ नाम) को आरोपी बोलेरो से देवास के पीपलरावा गांव लेकर पहुंचे थे. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को छुड़ाया. उसे



टोकखुद अस्पताल ले जाया गया. यहां से उसे देवास रेफर कर दिया गया. पीड़ित बोला- बेवजह की मारपीट पीड़ित प्रेमसिंह का कहना है कि उसके साथ बेवजह मारपीट की गई है. आरोपियों को संदेह था कि मैं उनकी पत्नी को भगा ले गया था. जबकि महिला खुद कहीं बाहर चली गई थी. प्रेमसिंह के बेटे ने बताया कि चार माह पहले भी उनके पिता पर ऐसे ही आरोप लगे थे.

## वंदे मातरम के नारों से गूंजा ताप्ती कछार

- बुरहानपुर में ताप्ती नदी में निकली तिरंगा यात्रा

**बुरहानपुर, 9 अगस्त. आजादी के अमृत महोत्सव को हर कोई अपने तरीके से मना रहा है.**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में एक नवाचार मां ताप्ती नदी के बीच लहरो में दर्जनों नावें उसमे सवार देश भक्त नागरिक, कार्यकर्ताओ ने तिरंगा लहराया. हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुरहानपुर में सूर्यपुत्री ताप्ती नदी में नाव पर सवार होकर चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व महापौर, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ ताप्ती नदी के बीच पहुंची. उन्होंने ताप्ती नदी की लहरों के बीच देश की आन, बान और शान का प्रतीक तिरंगा को लहराया. इस अनोखी तिरंगा यात्रा को देखने के लिए नागझिरी घाट, राजघाट पर बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे. घाट पर मौजूद लोगों ने देश की आजादी का जश्न मनाते हुए देशभक्ति के नारे लगाए. भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से नगर और आसपास के गांवों में मां ताप्ती के तट गुंजायमान हो उठे.

अर्चना चिटनिस ने कहा कि पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा है. शहर की सभी सड़कों और गलियों पर अलग-अलग स्वरूपों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं. उसी क्रम में हमने ताप्ती नदी में अनोखी तिरंगा यात्रा निकाली है. तिरंगा यात्रा में ताप्ती नदी के नागझिरी घाट से राजघाट तक निकाली गई.



### नदी को स्वच्छ और अविरल बनाए रखने का लिया संकल्प


चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर शहर ताप्ती नदी के तट पर बसा है, वह भी हमारे और शहर के लिए एक जीवनदायिनी के रूप में है. इसलिए ताप्ती नदी को स्वच्छ और अविरल बनाए रखने के संकल्प और इस संकल्प को शहरवासियों तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ ताप्ती नदी में यह तिरंगा यात्रा निकाली है. उन्होंने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा है, जहां पर आजादी का जश्न न मनाया जा रहा हो. उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से ही संभव हुआ है.

कांग्रेस का हमला | पटवारी ने कुपोषण पर सरकार से पूछे तीखे सवाल, गरीब बच्चों की सरकार कर रही अनदेखी

## प्रदेश के माथे पर कुपोषण का कलंक आज भी लगा

**भोपाल, 9 अगस्त. मध्यप्रदेश में कुपोषण का मुद्दा एक बार फिर सियासी बहस के केंद्र में है. कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर आदिवासी व गरीब बच्चों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया है.**

पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक जीतू पटवारी ने ट्विटर के माध्यम से सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि जब भी कांग्रेस इस विषय पर सवाल उठाती है, तो पूरे देश



में नई बहस छिड़ जाती है. पटवारी ने तंज कसते हुए कहा कि मप्र के माथे पर कुपोषण का कलंक आज भी जस का तस है। उन्होंने आंकड़ों के जरिए सरकार पर प्राथमिकताओं के गलत निर्धारण का आरोप लगाया.

राज्य सरकार गायों के रखरखाव पर प्रतिदिन 40 रुपए खर्च कर रही है, जबकि कुपोषित आदिवासी बच्चों पर महज 8 से 10 रुपए का प्रावधान है. यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि सरकार के संवेदनहीन रवैये का सबूत है. उन्होंने कहा भाजपा सरकार रोजाना कर्ज के घी से नहा रही है लेकिन आदिवासी परिवारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने दावा किया कि आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण की दर लगातार बढ़ रही है और सरकार की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं. पटवारी ने मांग की कि कुपोषण उन्मूलन के लिए बजट में तत्काल वृद्धि की जाए, ज़मीनी स्तर पर पोषण आहार की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और प्रत्येक ग्राम पंचायत में पोषण निगरानी समितियां गठित की जाएं.

पटवारी ने कहा कि भाजपा ने चुनावों में संपन्न और समृद्ध मध्यप्रदेश का सपना दिखाया था, लेकिन हकीकत यह है कि गरीब और आदिवासी वर्ग अब भी दो वक्त की रोटी और पौष्टिक भोजन के लिए जूझ रहा है. जीतू पटवारी ने सवाल किया, क्या यह वही विकास है, जिसका वादा किया गया था?

## खंडेलवाल ने राखी बंधवाकर लिया आशीर्वाद

- बहनों के सम्मान, सुरक्षा व सुख-समृद्धि के संकल्प का प्रतीक है रक्षाबंधन त्यौहार

**भोपाल, 9 अगस्त. भारतीय जनता पाटी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को रक्षाबंधन के पर्व पर बैतूल जिला भाजपा कार्यालय में बहनों से राखी बंधवाकर आशीर्वाद लिया.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बहनों ने विधि-विधान से तिलक कर राखी बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं संगठन में निरंतर सफलता की मंगलकामनाएं की. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि रक्षाबंधन



का त्यौहार बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सुख-समृद्धि के संकल्प का प्रतीक है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और मध्यप्रदेश में भाजपा की डॉ. मोहन यादव सरकार महिला सशक्तिकरण के कार्यों में जुटी हैं. सरकार नारी शक्ति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कटिबद्ध है. खंडेलवाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रौपा और 'हर घर तिरंगा' अभियान में बहनों से सहभागिता करने का आग्रह किया.